# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम–दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग), रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.) 491001

registrar@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100


क्रमांक :- 958 /नामांकन/2024 दुर्ग, दिनांक 01/08/2024

## // अधिसूचना //

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में पी–एच.डी. प्रवेश परीक्षा सत्र 2023–24 के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा चयनित नवप्रवेशित एसे अभ्यर्थी जिन्हे शोध केन्द्रो के शोध सलाहकार समिति (RAC) (पूर्वनाम–विभागीय शोध समिति (DRC)) द्वारा शोध कार्य किये जाने हेतु चयन कर शोध केन्द्रों में प्रवेश दिया गया है। ऐसे अभ्यर्थियों को *नामांकन आवेदन फार्म ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाइट* ***www.durguniversity.ac.in*** *के माध्यम से भरने एवं नामांकन शुल्क की राशि रू.400/– सहित जमा करने की तिथि निर्धारित करने अभ्यर्थियों/शोध केन्द्र महाविद्यालयों को निम्न कंडिका अनुसार निर्देशित किया जाता है –*

*(नामांकन शुल्क – ए.टी.एम. कार्ड/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/यू.पी.आई. के माध्यम से जमा किए जायेंगे।)*

| क्र. | नामांकन फार्म एवं शुल्क | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन द्वारा शुल्क सहित आवेदन करने की तिथि | 01/08/2024 से 16/08/2024 |
| 2. | ऑनलाईन नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी पी–एच. डी. प्रकोष्ठ में जमा करने की अंतिम तिथि | 20/08/2024 से 23/08/2024 |

टीपः–

1. नामांकन फार्म www.durguniversity.ac.in ⟶ **Quick Links** ⟶ **Online Enrollment Form 2023-24** पर Click कर भरे जा सकते हैं।
2. विद्यार्थी, **https://durg.ucanapply.com/smartexam/public/student** के माध्यम से भी ऑनलाईन नामांकन आवेदन फार्म भर सकते हैं।

निर्देशः–

1. नामांकन फार्म भरने के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश आवेदन फार्म के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग करना अनिवार्य होगा। नामांकन फार्म हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं है।
2. **समस्त छात्र/छात्राओं को ऑनलाईन नामांकन के भरने के पूर्व ए.बी.सी. आई.डी. (एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा ।**
3. कृपया ध्यान रखें कि यदि छात्र/छात्रा द्वारा इस विश्वविद्यालय से पूर्व में नामांकन कराया गया है तो उन्हें पुनः ऑनलाईन नामांकन आवेदन फार्म भरने की आवश्यकता नहीं है अध्ययन अंतराल होने की स्थिति में नामांकन नवीनीकरण कराना होगा ।
4. अभ्यर्थियों को नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी समस्त अनिवार्य दस्तावेजों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि तक अनिवार्य रूप से पी–एच.डी. प्रकोष्ठ में जमा करना होगा।
5. अभ्यर्थी को ऑनलाईन नामांकन फार्म के साथ निम्न दस्तावेज–(1) ऑनलाईन आवेदन फार्म, (2) 10वी/12वी की अंकसूची, (3) स्नातक/स्नातकोत्तर की प्रति वर्ष की अंकसूची (अनिवार्यतः अनुसार), (4) पी.एच.डी. पात्रता प्रामण पत्र, (5) माइग्रेशन की मूलप्रति (अनिवार्यतः अनुसार), (5) पी–एच. डी. रजिस्ट्रेशन फार्म (शोध निर्देशक व शोध समिति के हस्ताक्षर सहित), (6) शोध केन्द्र एवं विश्वविद्यालय शुल्क की छायाप्रति (7) पात्रता की मूलप्रति (आवश्यकतानुसार), (8) नाम/उपनाम परिवर्तन फार्म/विवाह प्रमाण पत्र/शपथ पत्र (आवश्यकतानुसार) संलग्न करना होगा।

6. छत्तीसगढ़ के बाहर स्थित बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को ऑनलाईन माध्यम से ही नामांकन शुल्क की राशि रू. 400/– एवं अप्रवासन (Migration) शुल्क की राशि रू. 360/– सहित आवेदन करना अनिवार्य होगा।

7. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में नवीन सत्र 2023–24 में नियमित छात्र/छात्रा (जिन्होने पूर्व में इस विश्वविद्यालय से नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश नही लिया है) के रूप में प्रवेशित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने हेतु रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

8. *यह भी कि यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा इस विश्वविद्यालय से किसी भी पाठ्यक्रम में नियमित छात्र/छात्रा हेतु नामांकन कराया गया है और गेप रहा है तथा वर्तमान वर्ष में पी–एच.डी में प्रवेश लिया है तो ऐसे अभ्यर्थियों को पुनः नवीन नामांकन नही करना है, उन्हे नामांकन नवीनीकरण कराना है ।*

9. *यह भी कि यदि अभ्यर्थी द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर में किसी भी वर्ष में नियमित छात्र हेतु प्रवेश लिया गया है और नामांकन कराया गया है तो उन्हे किसी भी स्थिति में पुनः नामांकन करने की आवश्यकता नही है*

10. *ऐसे अभ्यर्थी जो पूर्व में इस महाविद्यालय में नियमित छात्र के रूप में अध्ययन कर चुके है और अपना माइग्रेशन निकाल लिये है और अभ्यर्थी द्वारा यदि पुनः इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय में अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते है तो उसे पुनः नवीन ऑनलाईन नामांकन कराना अनिवार्य होगा ।*

11. ऐसे अभ्यर्थी जो विवाह उपरांत अपना नाम/उपनाम परिवर्तन कराना चाहते है वे नाम/उपनाम आवेदन फार्म सहित विवाह प्रमाण पत्र या शपथ पत्र के साथ विश्वविद्यालय कैश काउंटर में रू. 180/–राशि जमा कर रसीद प्रति ऑनलाईन आवेदन फार्म के साथ संलग्न कर पी–एच.डी. सेल में जमा करेंगे ।

12. **पी–एच.डी. सेल शोधार्थियों से प्राप्त सही व पूर्ण दस्तावेजो सहीत नामांकन फार्म की हार्डकॉपी एवं नामांकित शोधार्थियों की लिस्ट नामांकन शाखा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे ।**

13. छात्र–छात्राएँ ऑनलाईन नामांकन फार्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मोबाईल नं. **07314850140, 07314850101** (प्रातः10:30 बजे से सायं 05:30 बजे के मध्य) एवं ई–मेल **onlinehelp@durguniversity.in** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**

पृ.क्र. 959/नामांकन/2024 — दुर्ग, दिनांक 01/08/2024

प्रतिलिपिः

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. वित्त अधिकारी/उपकुलसचिव/सहा. कुलसचिव, अकादमिक/गोपनीय/परीक्षा विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
6. प्राचार्य, संबद्ध समस्त महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
7. माननीय कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के सूचनार्थ।
8. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में इसे समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
9. मैनेजर, लर्निंग स्पाइरल प्रा.लि. को सूचनार्थ।

**सहायक कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**